न्यायालय जिला कलक्टर, बांसवाड़ा (राज.)

क्रमांक : एफ ( )वाचक / Case No.11/2022/ 135-37 दिनांक 2 मार्च, 2022

आदेश

थानाधिकारी, पुलिस थाना सदर द्वारा प्रथम सूचना रिर्पोट संख्या 45/2022 दिनांक 11.02.2022 राजस्थान गौवंशीय पशु (वध का प्रतिषेध और अस्थाई प्रवर्जन या निर्यात का विनिमय) अधिनियम 1995 की धारा 3,5,6,8,9 दर्ज कर बताया कि दिनांक 11.02.2022 को पीकप नंबर एम पी 14 जी सी 0837 में 9 गौवंश (गाय के बछडे) ठुस ठुस कर निर्दयता पूर्वक भर कर प्रतापगढ की तरफ ले जाया जा रहा था। जिन्हे जप्त कर प्रकरण में अनुसंधान जारी है। उक्त 9 गौवंश (गाय के बछडे) की सुरक्षा एवं चराई के लिए प्रकरण के अन्तिम निस्तारण तक बॉसवाडा जिला गौ सेवा संघ मदारेश्वर रोड बॉसवाडा (पंजीयन क्रमांक 10/63-64) को सुपुर्द करने प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया।

अतः राजस्थान, गौवंशीय पशु (वध का प्रतिषेध और अस्थाई प्रवर्जन या निर्यात का विनिमय) अधिनियम, 1995 की धारा 7 के तहत् जप्तशुदा 9 गौवंश (गाय के बछडे) को सक्षम न्यायालय द्वारा अन्तिम निर्णय होने तक प्रबन्धक, बॉसवाडा जिला गौ सेवा संघ मदारेश्वर रोड बॉसवाडा (पंजीयन क्रमांक 10/63-64) को सुपुर्द करने के आदेश दिये जाते हैं। उक्त जप्त शुदा 9 गौवंश (गाय के बछडे) की चराई, सुरक्षा एवं देखभाल की पूर्ण जिम्मेदारी प्रबन्धक, जिला गौ सेवा संघ मदारेश्वर रोड बॉसवाडा की होगी। जब्तशुदा गोवंश की वीडियोग्राफी भी सुपुर्दगी के समय करवायी जावे। सम्बन्धित न्यायालय द्वारा उक्त पशुओं को तलब करने पर न्यायालय में पेश करने के लिए प्रबन्धक, जिला गौ सेवा संघ मदारेश्वर रोड बॉसवाडा बाध्य होगा।

(अंकित कुमार सिंह)
जिला कलक्टर
बांसवाड़ा

जिला कलक्टर बांसवाड़ा (राज.)

प्रतिलिपि :-

1. सयुक्त निदेशक, पशु पालन विभाग, बॉसवाडा
2. थानाधिकारी, पुलिस थाना सदर
3. प्रबन्धक, बॉसवाडा जिला गौ सेवा संघ मदारेश्वर रोड बॉसवाडा

जिला कलक्टर
बांसवाड़ा

जिला कलक्टर बांसवाड़ा (राज.)

Signature Not Verified

Digitally signed by Ankit Kumar Singh
Date: 2022.04.28 09:54:53 IST
Reason: SelfAttested